# SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2023
# HINDI
Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- यह समय प्रश्न पढ़ने और उत्तर के आयोजन के लिए है।
- सूचनाओं के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान रखें।

Score

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"ये क्या हो गया बेला" साहिल ने परेशान होते हुए पूछा। "छत से गिर गई" बेला ने हँसते हुए कहा और कहा, "बहुत दिन हो गए, आज खेल घंटी में गांधी चौक में लंगड़ी टाँग खेलेंगे।" "नहीं खेलेंगे। तेरे सिर में फिर से लग जाएगी तो...?" "नहीं लगेगी" बेला ने ज़िद की।

1. बेला को क्या हो गया? 1

   (क) पेड़ से गिर गई।  (ख) छत से गिर गई।

   (ग) स्टूल से गिर गई।  (घ) मेज़ से गिर गई।

2. लंगड़ी टाँग खेलने से साहिल ने बेला को क्यों मना किया? 2

3. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

Score

सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
खिलौने

4. 'काला पहाड़' - में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

5. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

रंग-बिरंगी किताबों के होते हुए भी बच्चे पढ़ने से वंचित हैं।

6. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ठाकुर 'कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

7. 'जोखू' के बदले 'गंगी' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। 1

**जोखू** पानी पी रहा है। .......................................।

8. गंगी किसको देखकर जगत से कूदकर भागने लगी? 1

(क) शेर को देखकर। (ख) जोखू को देखकर।
(ग) ठाकुर को देखकर। (घ) स्त्रियों को देखकर।

9. इस प्रसंग के आधार पर जोखू और गंगी के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

'जातिप्रथा अभिशाप है' विषय पर **टिप्पणी** लिखें।

- जाति के नाम पर भेद-भाव
- भेद-भाव छोड़ने की आवश्यकता

Score

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली-खाकी स्कूल यूनिफ़ॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया था।

**10.** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। **1**

(क) मोरपाल हमेशा स्कूल यूनिफ़ॉर्म पहनता था।

(ख) मोरपाल शादी में बढ़िया क़पड़ा पहनता था।

(ग) मोरपाल विशेष अवसरों पर स्कूल यूनिफ़ॉर्म नहीं पहनता था।

(घ) मोरपाल कभी भी स्कूल यूनिफ़ॉर्म नहीं पहनता था।

**11.** सही विकल्प चुनकर लिखें। **1**

(क) मैं + का = मुझे (ख) मैं + को = मुझे (ग) मैं + के = मुझे (घ) मैं + की = मुझे

**12.** प्रत्येक पात्र की विशेषताएँ चुनकर तालिका की पूर्ति करें। **4**

- राजमा चावल पसंद करता था।
- छाछ पसंद करता था।
- रोज़ स्कूल जाना पसंद करता था।
- छुट्टी के दिन घर पर नाचा करता था।

| | |
|---|---|
| मोरपाल | ..................................<br>.................................. |
| मिहिर | ..................................<br>.................................. |

Continued.....

Score

**सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

> इतने में माँ उसे ढूँढ़ती वहीं आ पहुँची। गुठली को उदास देख गले लगाकर बोली, "बेटा, बुआ की बात का बुरा मत मान। और जो कल होना है उसे लेकर आज क्यूँ परेशान होना। ये दिन फिर लौट के नहीं आनेवाले हैं। इन्हें जी भर के जी ले।" माँ की बातों से गुठली और भी हताश हो गई।

**13.** 'जो कल होना है उसे लेकर आज क्यूँ परेशान होना।' - यह किसने कहा? 1

**14.** माँ की बातें सुनकर गुठली निराश हुई। वह अपनी सहेली को पत्र लिखती है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4

**अथवा**

मार्च 8 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर आपके स्कूल में 'स्त्री-पुरुष की समानता; देश की प्रगति का आधार' विषय पर एक संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

> चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी।

**15.** 'निष्कलंकता' के लिए खंड में कौन-सा शब्द प्रयुक्त है? 1

(क) नकल (ख) मासूमियत (ग) गुदगुदी (घ) बातचीत

**16.** चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। इस अनुभव के आधार पर मैनेजर ने डायरी लिखी। वह डायरी कल्पना करके लिखें। 4

**अथवा**

चार्ली के इस शो के बारे में एक **रपट** तैयार करें।

- माँ की आवाज़ फट जाना
- चार्ली को मंच पर लाना
- गीत गाना और नृत्य करना
- गायकों की नकल उतारना

Score

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

फूलदेई की बिदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है। अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है। इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं।

**17.** सही वाक्य कौन-सा है? **1**

(क) बच्चा काम करती है।    (ख) बच्चा काम करता है।

(ग) बच्चा काम करते हैं।    (घ) बच्चा काम करती हैं।

**18.** फूलदेई त्योहार में बड़ों की भूमिका क्या है? **1**

(क) फूल चुनना    (ख) सलाह देना    (ग) फूल सजाना    (घ) दक्षिणा लेना

**19.** वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। **2**

(पहाड़ों से, सुंदर)




-o0o-